# कार्यवाही विवरण दिनांक 17/01/2024

दिनांक 17/01/2024 को माननीय कृषि मंत्री, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग एवं अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल, श्री ऐदल सिंह कंषाना जी की अध्यक्षता में मण्डी बोर्ड मुख्यालय, भोपाल के सभाकक्ष में मंडी बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें मण्डी बोर्ड मुख्यालय, भोपाल के संलग्न परिशिष्ट-1 अनुसार अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में मंडी बोर्ड के आयुक्त सह प्रबंध संचालक श्री श्रीमन् शुक्ला द्वारा माननीय अध्यक्ष महोदय का स्वागत किया गया। बैठक की शुरुआत में माननीय मंत्रीजी ने मंडी बोर्ड के अधिकारियों से परिचय व उनके द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

तत्पश्चात मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड की नव विकसित वेबसाइट (www.mpmandiboard.in) का शुभारंभ माननीय कृषि मंत्री सह अध्यक्ष महोदय द्वारा किया गया। साथ ही उन्हें अवगत कराया गया कि नव विकसित वेबसाइट को Agriculture Marketing At A Glance की तर्ज पर विकसित किया गया है।

वेबसाइट में कृषि विपणन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियों एवं विभिन्न हितग्राहियों के लिए मंडी बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के साथ-साथ मंडी की आवक भाव की जानकारी का समावेश किया गया है, जिससे देश एवं प्रदेश के किसानों को अपनी फसल को उचित मूल्य पर विक्रय करने में मदद मिलेगी साथ ही इस वेबसाइट में अधिनियम, नियम, उपविधि, अधिसूचना, मंडी बोर्ड द्वारा जारी परिपत्र, आदेश एवं निविदा विज्ञप्ति का प्रकाशन का समावेश किया गया है।

तत्पश्चात मंडी बोर्ड की गतिविधियों के संबंध में समग्र रूप से प्रस्तुतीकरण किया गया। माननीय कृषि मंत्री सह अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नानुसार निर्देश दिए गए :-

1. प्रदेश की मंडी समितियों में अपनी कृषि उपज विक्रय हेतु लाने वाले किसानो को उनकी उपज की सही तौल की सुविधा एवं पर्याप्त व्हेब्रिज की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।
2. मंडी बोर्ड के संचालक मंडल की बैठक शीघ्र आहूत की जाए।
3. कृषकों को मंडी प्रांगण में अधिक से अधिक सुविधा प्राप्त हो, कृषक भाईयो को सही दाम मिले, उनकी उपज की तौल त्वरित एवं सही हो तथा भुगतान मंडी प्रांगण में उसी दिन कृषकों को प्राप्त हो, जिससे कृषकों का और अधिक विश्वास मंडी की विपणन व्यवस्था पर हो।

4. प्रदेश की गौ शालाओं को मंडी बोर्ड के मद से उपलब्ध कराई गई राशि का उपयोग किस प्रकार होता है, की जानकारी माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा प्राप्त की गई तथा निर्देश दिए गये कि गौ शालाओं को मंडी बोर्ड द्वारा प्रदाय की जा रही राशि का उपयोग समुचित रूप से हो रहा है, इस आशय की जानकारी सम्बंधित विभाग से प्राप्त की जाए।
5. शासन की विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कृषकों के मध्य किये जाने के उद्देश्य से किसान सम्मेलनों के आयोजन तथा प्रचार-प्रसार की व्यापक रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए गए।
6. नागरिक आपूर्ति निगम एवं विपणन संघ से उपार्जन के मंडी शुल्क की देय राशि का शीघ्र भुगतान करने के संबंध में स्मरण पत्र जारी किया जाए।
7. कृषकों के लिए मंडियों में सर्व सुविधा युक्त कृषक विश्रामगृह की सुविधा उपलब्ध हो, ऐसी व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिए गए।
8. मंडी बोर्ड द्वारा किये जा रहे तथा प्रस्तावित निर्माण कार्यों की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।
9. मंडियों में संचालित हो रही मुख्यमंत्री कृषक भोजन थाली योजना के अंतर्गत कृषकों तथा हम्माल तुलावटियों को उपलब्ध कराई जा रही खाद्य सामग्री (पूड़ी-सब्जी) की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।
10. ई-मंडी योजना, एम.पी. फार्म गेट एप, ई-अनुज्ञा प्रणाली, ई-नाम योजना तथा AIF योजना की जानकारी से अवगत कराया गया, जिसमें माननीय मंत्री जी सह अध्यक्ष महोदय ने कृषि विपणन के क्षेत्र में सूचना प्रोद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग करने तथा प्रदेश की मंडियों को चरणबद्ध तरीके से हाईटेक (आदर्श) बनाने हेतु हर संभव प्रयत्न करने के निर्देश दिए।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त की गई ।

(माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमोदित)

14/03/24

(श्रीमन् शुक्ला)
आयुक्त सह प्रबंध संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्र./मंडी बोर्ड/आई.टी.सेल/2023-24/365-A भोपाल, दिनांक 15/03/2024

प्रतिलिपि:- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री म.प्र.शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास सह अध्यक्ष मंडी बोर्ड भोपाल।
2. स्टाफ ऑफिसर, अपर मुख्य सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
3. निज सहायक, प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
4. अपर संचालक (समस्त), म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
5. अधीक्षण यंत्री, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
6. संयुक्त संचालक/उपसंचालक, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड।
7. संयुक्त संचालक, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय (समस्त)।
8. कार्यपालन यंत्री, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, तकनीकी संभाग (समस्त)।
9. चीफ प्रोग्रामर/प्रोग्रामर/लेखाधिकारी/सहायक संचालक, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।

आयुक्त सह प्रबंध संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

परिशिष्ट-1

| क्र. | अधिकारी/प्रतिनिधि | पदनाम | कार्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री श्रीमन् शुक्ला | आयुक्त सह प्रबंध संचालक | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 2. | श्री गौतम सिंह | अपर संचालक | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 3. | श्री चंद्रशेखर वशिष्ठ | अपर संचालक | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 4. | श्री आर.आर. अहिरवार | अपर संचालक | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 5. | श्री एस.बी.सिंह | अपर संचालक | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 6. | श्री डी.एस. राठौर | अधीक्षण यंत्री | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 7. | सुश्री संगीता ढोके | संयुक्त संचालक | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 8. | श्री नितिन कोल्हे | उप संचालक | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 9. | श्रीमती रश्मि कश्यप | उप संचालक | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 10. | श्री अरूण बागडी | उप संचालक | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 11. | डॉ. पूजा सिंह | उप संचालक | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 12. | श्री संदीप कुमार चौबे | चीफ प्रोग्रामर | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 13. | श्री दीपक गुप्ता | कार्यपालन यंत्री | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 14. | श्री पी.एल.घागरे | कार्यपालन यंत्री | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 15. | श्री संजीव अग्निहोत्री | प्रोग्रामर | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 16. | श्री अतुल निपाणे | लेखाधिकारी | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 17. | श्री योगेश नागले | सहायक संचालक | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 18. | श्री पीयूष शर्मा | सहायक संचालक | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 19. | श्री अविनाश पाठे | सहायक संचालक | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 20. | श्रीमती सोना जायसवाल | सहायक संचालक | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |